2. Textile Industry: The textile sector, which sent $9.6 billion worth of goods to the U.S. in FY24, might find a silver lining in the new tariffs. Since Indian textiles will face a 34% tariff on Chinese imports and a 46% tariff on Vietnamese goods, Indian exporters will become more competitive. Major players like Welspun, Trident, and Arvind Limited will stand to gain from this change in market scenario.

3. Automotive Industry: The automotive industry will likely experience a major headwind with the imposition of a 25% tariff on auto imports. Firms such as Bharat Forge and Samvardhana Motherson, which get a large percentage of their revenues from U.S. exports, can expect their profitability to go down. Higher costs due to tariffs may make them less competitive in the U.S. market.

4. Pharmaceutical Industry: In an unexpected turn, President Trump exempted pharmaceutical exports from the tit-for-tat tariffs, easing the burden for firms such as Sun Pharma and Dr. Reddy's Laboratories, which have a significant dependence on the American market. The exemption may help support the pharmaceutical industry, enabling it to continue its growth pace despite the wider market woes.

Conclusion

President Trump's announcement of reciprocal tariffs has brought a wave of uncertainty in the Indian stock market, impacting sectors like automobiles, electronics, and textiles. Immediate reactions show a negative sentiment among investors, though the long-term effect may differ as the market adapts to the changing trade scenario. The pharma industry's exemption from tariffs is some hope, which means that not all sectors will be hit. As things change, players need to remain alert and nimble to go through the intricacies of global trade and how it affects the Indian economy.



QUAD

Akash Yadav
B.Com (Prog) VI Sem.

What is QUAD

QUAD is also known as the Quadrilateral security dialogue and is a strategic forum for economic cooperation among four countries, the United States of America, Japan, India and Australia.

Objective of the QUAD Nations

1. The QUAD is aimed at promoting regional security and economic cooperation in the Indo-Pacific region.
2. The four countries share a common interests in maintaining a free and open Indo-Pacific, promoting democracy, human rights, and the rule of law, and countering China's supremacy in Indo-Pacific region.
3. The QUAD has held several meetings at the ministerial and leader's level to discuss issues such as maritime security, infrastructure development and supply chain resilience.
4. The QUAD is seen as mechanism for balancing China's influence in the Indo-Pacific region, although its members have stressed that it is not a military alliance and is open to other countries, who share their values and interests.

Formation of QUAD Alliance

1. 2007 : The QUAD was initially formed in 2007 during and informal meeting of leaders from the association of south Asian Nations (ASEAN). It was Japanese prime minister Shinzo Abe.

Who first proposed the idea of creating the QUAD.

2. 2012 : The Japanese Prime Minister highlighted the concept of the Democratic security diamond in Asia. Which include the USA, Japan, India and Australia.
3. 2017 : Once again confronted with the growing danger posed by china, the four nations revitalized the QUAD by expanding its goals and devising a system that aimed to gradually establish an international order based on rules.

India, Japan USA and Australia held the frist QUAD talks in Manila (Philippines) ahead of the ASEAN Summit 2017.

4. 2020 : The trilateral India,USA, Japan Malabar Neval exercise expanded to include Australia making the frist official grouping of the QUAD since its resurgence in 2017and the first joint military exercise among the four nations.

5. 2021 : The QUAD leaders met virtually because of pandemic devolution this year (It is COVID -19 duration year) and later release a joint statement title The spirit of the QUAD.

WHAT ARE THE OPPORTUNITIES FOR INDIA QUAD AGREEMENT

Countering China

The maritime space is a lot more important to china than engaging in opportunistic land grab attempts in the Himalaya.

Emerging as a net security power

There is a growing greater power intrest in the maritime sphere, especially with the arrival of the concept of India -Pacific. For instance, many European countries have currently released their Indo-Pacific strategies.

Last year QUAD summit

On September 21, 2024 , president Joseph R.Biden , hosted prime minister Anthony Alpanese of Australia, Prime Minister Kishida Fuamio of Japan and Prime Minister Narendra Modi of India in Washington (USA), delaware for the four QUAD leaders summit.

Focus on that meeting

Benefit partner countries across Indo-Pacific region.

Pandemics and disease, Natural disaster, Maritime security, Building high standard physical and digital infrastructure, Climate change, Next generation technology etc.

Overall QUAD leaders meetings

Past four year, six times including twice virtually. QUAD foreign ministers meetings eight times, most recently Tokyo(Japan).

India will host 2025 QUAD leaders summit.

Physical Activity Is Incredibly Important For Overall Health And Well-being. Here Are Some Key Reasons Why:

1. Physical Health Benefits

Improves cardiovascular health: Regular activity strengthens the heart and improves circulation.

Maintains a healthy weight: It helps burn calories and prevents obesity.

Strengthens muscles and bones: Weight-bearing exercises boost bone density and muscle strength.

Boosts immunity: An active lifestyle supports a stronger immune system.

2. Mental Health Benefits

Reduces stress and anxiety: Exercise releases endorphins, the "feel-good" hormones.

Improves mood: It can help combat depression and increase overall happiness.

Enhances brain function: Physical activity improves memory, focus, and cognitive abilities.

3. Chronic Disease Prevention

Reduces the risk of type 2 diabetes, high blood pressure, stroke, and certain cancers.

4. Better Sleep

Regular movement can help you fall asleep faster and deepen your sleep.

5. Improved Quality of Life

Increases energy levels, mobility, balance, and flexibility, especially as you age.

Himanshu Badal
Cricket Coach

TOYING WITH MINDS: THE HIDDEN LESSONS IN PLAYTHINGS

Anniket Verma
B.Com (Prog.), Semester - VI

Roland Barthes, a well-known French literary theorist, wrote an essay titled "Toys" as part of his 1957 book *Mythologies*. In this essay, Barthes delves into the hidden meanings behind the toys given to children. He argues that toys are not merely innocent objects for entertainment, but powerful tools used by society to shape children's thinking and behavior from a very young age. According to him, toys are a reflection of the adult world. They are designed to teach children how to accept the world around them as it is, without questioning it. In other words, toys act as a way of conditioning children to fit into pre-decided social roles and norms.

Barthes points out that most toys are simply miniature versions of things adults use—like cooking sets, cars, houses, weapons, and cleaning tools. By giving these toys to children, society is not encouraging free thinking or creativity. Instead, it is training them to imitate adult life. For instance, when a girl is given a kitchen set or a doll, she is being prepared to take care of a household. When a boy is given a toy gun or car, he is being introduced to strength, control, and action. This leads to early social conditioning, where children are not free to explore or imagine new possibilities but are expected to recreate what already exists.

Another major concern Barthes raises is about the material used to make toys. He compares old-fashioned wooden toys with modern plastic ones. Wooden toys, according to Barthes, were more natural, simple, and open to interpretation. They allowed children to project their imagination and create their own meanings. On the other hand, plastic toys are hard, shiny, and fixed in shape and purpose. There is nothing left for the child to imagine—they simply follow what the toy tells them to do. This shift in material from wood to plastic symbolizes a deeper change in society's approach to childhood—from freedom to control.

Barthes also criticizes how toys reinforce gender roles. In many cultures, especially in French society at that time, girls were given dolls, toy brooms, and kitchen sets, while boys received cars, soldiers, and mechanical toys. This clear separation teaches children from a very young age what is 'appropriate' for their gender. It limits their growth and opportunities by pushing them into socially accepted roles rather than letting them discover their interests freely.

Finally, Barthes believes that children are naturally imaginative beings. If left to their own devices, they would play with sticks, stones, or even shadows, creating stories and games from their surroundings. But modern toys restrict this freedom by giving children fully-designed objects with predefined uses. As a result, the child becomes a passive user instead of an active creator. Barthes warns that this is a dangerous trend that reduces children's ability to think for themselves and discourages creativity.

In conclusion, Barthes' essay 'Toys' challenges us to think more deeply about the everyday objects we consider harmless. He encourages society to

allow children the space to grow, imagine, and choose their own future, instead of boxing them into adult roles from an early age.

Reading Barthes' essay made me realize how even the simplest objects like toys can have deep social meanings. I agree with his central argument that toys are used by society to mold children into future adults, often limiting their imagination and creativity. Today, many toys are based on movies, cartoons, or real-life tools, which means children are simply acting out pre-written stories instead of making up their own. This definitely reduces their freedom to explore ideas and express themselves in creative ways.

His point about gender roles also struck me as very relevant. Even now, in toy stores and advertisements, we see a clear divide between 'boys' toys' and 'girls' toys'. This affects how children see themselves and each other. I believe that every child should be given the freedom to play with any toy they like, whether it's a doll or a truck, without judgment.

However, while I mostly agree with Barthes, I think there can also be some value in realistic toys. For example, some children do enjoy pretending to cook like their parents or drive cars like they see in real life. It helps them relate to their surroundings and learn basic life skills through play. So perhaps the solution is not to remove realistic toys, but to also include open-ended and creative toys like building blocks, craft supplies, and natural objects that allow freedom of thought.

Overall, Barthes has opened my eyes to the hidden messages behind toys. His essay is a reminder that we need to support children's growth by giving them choices, encouraging imagination, and not forcing them to fit into adult expectations too soon.

Romanticizing Life While Failing Internals - The Duality

There's something so iconic about walking out of a disastrous exam, playlist blasting, sunset hitting just right, and whispering to yourself, “It's okay, I'm the main character.” That's the energy. That's the vibe.

We are the ones perfectly capable of scoring 13 out of 25 in a test and still posting “life's a movie” on our stories with a blurry café pic and Lana Del Rey playing in the background. It's giving delusion, It's giving coping - but also… it's giving art.

See, romanticizing life isn't just an aesthetic—it's survival. When deadlines are on our necks, professors moving mad, and sleep is a myth, we romanticize the smallest things: the smell of rain after a panic attack, a perfectly timed Spotify shuffle, that one iced coffee we can't afford but bought anyway.

It's not that we don't care about our marks, we do. We spiral over these at 2 a.m., cry about these in the group chat, then laugh about it 20 minutes later like nothing happened. That's the duality. That's how we function.

In one moment, we're journaling like we're figuring life out - In the next, we're submitting assignments we haven't even read the topic of. We light a candle, open our laptop, and stare at the screen like we're in a sad indie movie. No progress made, but the vibes? Immaculate (just as Declan Rice's free kicks against Madrid)

Because somewhere between academic pressure, job anxiety, and the quiet fear that nothing really makes sense anymore, we chose to romanticize. To find beauty in chaos. To curate our mess into a highlight reel. It's the only way we don't go completely insane.

And yeah, maybe we failed that internal. But we also made a memory, wrote a poem in our head while watching strangers on the metro, and found peace in a song that no one else knows because gatekeeping is obviously our forte.

So next time if someone says you are not serious, just remember—we're literally living in the ruins of late-stage capitalism, barely holding on, and still managing to serve looks, make playlists, and post aesthetic sunsets while crying inside.

It's not just romanticizing life. It's rebellion. It's resilience. It's…lowkey being delusional and honestly? that's self care.

- Shivam Tripathi

भाग

हिन्दी

आत्मचेतना की जागृति

नारी होना कोई पाप नहीं,
ईश्वर की दी हुई वरदान हो, कोई अभिशाप नहीं,
काली भी तुम, दुर्गा भी तुम,
प्रचंडिका भी तुम, महालक्ष्मी भी तुम,
चारों युगों में तुमने खुद को साबित कर के है दिखाया,
सतयुग, त्रेता, द्वापर हो या कलयुग,
तुम न कभी हो, घबरायी,
सतयुग में अनसूया बनकर, त्रेतायुग में सीता बनकर,
अपने सतीत्व, चरम शील और पवित्रता का प्रमाण दिया,
द्वापरयुग में द्रौपदी बनकर, कलयुग में सावित्री बनकर,
साहस, धर्मनिष्ठा , आत्मसम्मान,
बुद्धिमत्ता और समर्पण का प्रमाण दिया।

कलयुग में है तुम्हारी स्वयं से लड़ाई,
शिक्षा को अपना हथियार बनाओ,
क्योंकि करनी है तुमको,
आत्म–संकोच और आत्म संवेदना से लड़ाई,
अब बारी है अपने आत्मबल पहचानने की लड़ाई,
करो तुम निर्णय लेने की स्वतंत्रता से लड़ाई,
आत्म–ग्लानि और आत्म–बोध से भी करनी है लड़ाई,
तुम एक अच्छी बेटी, अच्छी पत्नी, अच्छी मां,
हो या नहीं, यह सोच कर घबराएं न,
क्योंकि यह है खुद की आवाज़ को पहचानने की लड़ाई,
यह है तुम्हारी आत्म निर्भर बनने की लड़ाई।

अंकित कुमार
बीए हिंदी ऑनर्स
तृतीय वर्ष



पहलगाम का आंसू

पहलगाम की वादियों में,
आज अश्कों का सैलाब है।
जहां कभी गूंजती थी हंसी,
आज मातम बेहिसाब है।

फूलों की घाटी में लहू की बूंदें,
किसी मासूम की चुप सी चीखें,
सवाल पूछ रही हवाओं से —
कब मिटेगी ये नफरत की परतें?

जिन हाथों ने दिया था प्यार,
आज उन्हीं पर बरसीं गोलियां,
क्यों उजाड़ा इस जन्नत को,
क्यों लहूलुहान कर दीं ये गलियां?

हर दिल ने पुकारा -
"रहमत बरसा ऐ खुदा,
पहलगाम को फिर से अमन दे,
जहां की हंसी लौटा दे ज़रा।"

धरती के वीरों का बलिदान,
बेकार न जाएगा,
हम फिर से उठेंगे,
हर आंसू को मिटाएंगे,
पहलगाम में फिर खुशियां लौटाएंगे।

जय हिंद!



ऑपरेशन सिंदूर : वीरों की शौर्य गाथा

पहलगाम के आँसू मिटाने को,
वीरों ने संकल्प उठाया।
खून का कर्ज उतारने को,
ऑपरेशन सिंदूर चलाया।

धरती मां के आँचल को फिर से,
सिंदूर से सजाया जाएगा,
हर आतंकी के नापाक मंसूबे,
लोहे लेकर बुझाया जाएगा।

जब-जब वीरों का लहू खौले,
सिंदूर बन मातृभूमि में घोले,
हर सीने में उठे ज्वाला बनकर,
शत्रु की हर साजिश को तोड़े।

रात के अंधेरे में भी दीया जलाया,
ऑपरेशन सिंदूर से नफरत मिटाया।
वीरों के कदमों में आंधियां भी झुकें,
धरती मां की आन फिर महकाएँगे हम।

पहलगाम का हर आँसू,
अब वीरों की सौगंध बना,
खून के बदले खून से लिखा,
जय हिंद का प्रण बना।

चलो वीरों, अब हुंकार भरो,
ऑपरेशन सिंदूर से शत्रु का नाश करो,

आतंकी अंधेरों को चीरकर,
अब नया सवेरा करो।

जय हिंद! जय वीर!

सुजीत कुमार
बी ए ऑनर्स
राजनीति विज्ञान
तृतीय वर्ष

दिल्ली: एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर

भारत के हृदय में स्थित दिल्ली केवल एक राजनीतिक राजधानी नहीं, बल्कि इतिहास, संस्कृति, कला, साहित्य और विविध परंपराओं से निर्मित एक जीवंत और बहुआयामी नगर है। यह शहर उन सभी सभ्यताओं के पदचिन्हों को समेटे हुए है जिन्होंने इसे अपने शासन, कला और सामाजिक जीवन से समृद्ध किया। दिल्ली के पत्थरों, गलियों, स्मारकों और बस्तियों में इतिहास की परतें एक-दूसरे पर चढ़ी हुई मिलती हैं, जो इसे भारत की सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक-सांस्कृतिक धरोहर बनाती हैं।

प्राचीन दिल्ली: प्रारंभिक सभ्यताओं की छाप

दिल्ली का इतिहास महाभारत में वर्णित 'इंद्रप्रस्थ' से आरम्भ माना जाता है। पांडवों का यह नगर रणनीति, व्यापार और राजनीति का सशक्त केंद्र था। पुरातात्विक उत्खननों से भी यहाँ प्राचीन बसावटों, मिट्टी के बर्तनों और लौह-युगीन अवशेषों के प्रमाण मिले हैं, जो संकेत देते हैं कि यह क्षेत्र हजारों वर्ष पुराना है।

तोमर वंश द्वारा स्थापित लालकोट और उसके बाद चौहान शासक पृथ्वीराज चौहान द्वारा शीर्षकित 'क़िला राय पिथौरा' दिल्ली के प्रारंभिक शहरी विकास की गवाही देते हैं। इन प्राचीन दुर्गों से स्पष्ट है कि दिल्ली उस समय भी राजनीतिक एवं सैन्य दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण थी।

मध्यकालीन दिल्ली: सल्तनत और मुगल

(क) दिल्ली सल्तनत का दौर:

12वीं से 16वीं शताब्दी तक दिल्ली सल्तनत के विभिन्न वंशों गुलाम, खिलजी, तुगलक, सैयद और लोदी ने अपनी-अपनी राजधानी दिल्ली में स्थापित की। कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा निर्मित कुतुब मीनार और कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद भारतीय-इस्लामी स्थापत्य के प्रारंभिक और अनूठे उदाहरण हैं। तुगलक़ों का किला, सिरी किला और फिरोज शाह कोटला भी दिल्ली की मध्यकालीन पहचान के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।

(ख) मुगल काल- कला, स्थापत्य और संस्कृति का उत्कर्ष:

मुगल शासकों ने दिल्ली को सांस्कृतिक उच्चता प्रदान की।

शाहजहानाबाद,
लाल किला,
जामा मस्जिद,
हुमायूँ का मकबरा

आज भी भारत की वास्तुकला और इतिहास के उत्कृष्ट उदाहरण माने जाते हैं। मुगल काल के दौरान साहित्य, संगीत, चित्रकला और शिल्पकला का अपूर्व विकास हुआ। दिल्ली ग़ज़लों, कव्वालियों, शायरी, सूफी परंपराओं और दार्शनिक विचारधाराओं का केन्द्रीय मंच बन गई।

औपनिवेशिक दिल्ली: आधुनिकता की ओर बढ़ते कदम

ब्रिटिश शासन के दौरान दिल्ली को एक नई रूपरेखा मिली। 1911 में दिल्ली को भारत की राजधानी घोषित किया गया, और इसके बाद सर एडविन लुटियंस तथा हर्बर्ट बेकर ने नई दिल्ली का निर्माण किया। इस समय निर्मित-

राष्ट्रपति भवन,
संसद भवन,
नॉर्थ और साउथ ब्लॉक,
इंडिया गेट

भारतीय प्रशासनिक प्रणाली के आधुनिक प्रतीकों के रूप में स्थापित हुए। इस दौर में रेलवे, शिक्षा संस्थानों और आधुनिक सड़कों ने दिल्ली को एक वैश्विक महानगर बनने की दिशा में अग्रसर किया।

स्वतंत्रता की बाद का दिल्ली-राष्ट्र की आत्मा

1947 के बाद दिल्ली ने शरणार्थियों के पुनर्वास, नए शहरी इलाकों के विकास और राजनीतिक केंद्र के विस्तार को करीब से देखा।

कनॉट प्लेस,
करोल बाग,
लाजपत नगर,
राजौरी गार्डन,

दक्षिण दिल्ली के अनेक उपनगर

देश के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों के बसने से दिल्ली एक सांस्कृतिक मिश्रण बन गई। इसने स्वतंत्र भारत की प्रशासनिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक पहचान को मजबूत किया।

दिल्ली की सांस्कृतिक विविधता:

(क) भाषाई विविधता

हिंदी, उर्दू, पंजाबी, हरियाणवी, अंग्रेज़ी-ये सभी भाषाएँ दिल्ली के सामाजिक जीवन में समान रूप से प्रयुक्त होती हैं। यहाँ की भाषा-शैली में देसी बोली की सादगी और उर्दू की नज़ाकत का अद्भुत मेल मिलता है।

(ख) भोजन और परंपराएँ

दिल्ली का भोजन इसकी सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पुरानी दिल्ली के

परांठे वाली गली,
कबाब, बिरयानी,
चाट, गोलगप्पे,

दिल्ली की स्वाद-संस्कृति को अनोखा बनाते हैं। साथ ही दिल्ली में संरक्षित सूफी दरगाहें-जैसे हजरत निज़ामुद्दीन औलिया-सांस्कृतिक सहिष्णुता और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक हैं।

(ग) कला, साहित्य और रंगमंच

दिल्ली में

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD),
साहित्य अकादमी,
राष्ट्रीय संग्रहालय,
राष्ट्रीय अभिलेखागार,
दिल्ली हाट,
इंडिया हैबिटैट सेंटर

जैसे संस्थान कला और साहित्य को निरंतर समृद्ध करते हैं। पुस्तक मेलें, थिएटर महोत्सव और कला प्रदर्शनियाँ दिल्ली को सांस्कृतिक राजधानी का स्वरूप प्रदान करती हैं।

स्थापत्य धरोहर और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल

दिल्ली के कई स्थल विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं:

कुतुब मीनार
हुमायूँ का मकबरा
लाल किला

इसके अलावा पुराना किला, जंतर-मंतर, सफदरजंग का मकबरा, पुराना मेहरौली क्षेत्र-यह सभी दिल्ली को एक खुले संग्रहालय (open museum) की तरह प्रस्तुत करते हैं, जहाँ हर स्मारक अपने समय की कहानी कहता है।

दिल्ली इतिहास और आधुनिकता का ऐसा अनोखा संगम है जो भारत की आत्मा और सभ्यता का प्रतिनिधित्व करता है। यह शहर उन सभी परतों को समेटे है जिन्होंने भारत को आज का स्वरूप दिया-प्राचीन सभ्यताएँ, मध्यकालीन साम्राज्य, औपनिवेशिक संरचनाएँ और आधुनिक लोकतांत्रिक भारत।

दिल्ली को समझना दरअसल भारत की हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति, राजनीति, आध्यात्मिकता, कला और सामाजिक विविधता को समझना है। यही कारण है कि दिल्ली को केवल एक शहर नहीं, बल्कि भारत का जीवंत इतिहास कहा जाता है।

धन्यवाद

डॉ. आकृति
इतिहास विभाग
श्याम लाल कॉलेज सांध्य
दिल्ली विश्वविद्यालय

लोकतंत्र

मेरे हिस्से की थी या तेरे हिस्से की, यह जीत तो थी किसी के हिस्से की
ना हम डिगे थे, ना तुम पीछे हटे थे
हम तो निडर थे, तुम भी ना डरे थे
हम भी पूरे जोश में थे, तुम भी पूरे उत्साह में,
हमने भी अपने विचारों की तोप चलाई थी तुमने भी अपने इरादों के गोले बरसाए,
हमने कुछ बचाने के वादे किए,
तुम्हारे कुछ इरादे थे,
हमारा आत्म बल कुछ और था, तुम्हारा संबंल कुछ और,
सच कहूं ए दोस्त यह जीत तो लोकतंत्र की है आम जन की है

डॉक्टर मनोज कुमार
राजनीति विभाग

युवा पीढ़ी और नशा मुक्ति का सफर

युवा हो तुम आगे बढ़ो, कुछ कर गुजरो
ऊंचाइयां छू लो, तुम आगे बढ़ो....
ये धुआं ये नशा रोकेगा तुम्हे
नशे की धुंध में फेकेगा तुम्हें
मुक्ति की ओर आगे बढते तुम्हारे कदमों को रोकेगा ये,
नई उम्मीद से तुम आगे बढ़ो,

छोड़ो ये जंजीरें तोड़ो ये जंजीरे जो बांधें मन को, ...युवा तुम आगे बढ़ो
खुले आसमान में सांसें लो अब ऊंची उड़ान तुम भरो,
युवा हो तुम आगे बढ़ो कुछ कर गुजरो....

जीवन की सच्चाई समझो, स्वयं को पहचानो, शक्ति को जगाओ, नशा मुक्त होकर,
जीवन को संवारो .....अब बस तुम आगे बढो, नशा मुक्त होकर खुशियाँ चुनो, युवा तुम
आगे बढ़ो, ऊंचाइयां छू लो......

सुबह की रोशनी में मुस्कुराओ ,
स्वास्थ्य की राह पर अब तुम आगे बढ़ जाओ
नशा मुक्त होकर, खुशियों को पाओ,
युवा तुम आगे बढ़ो कुछ कर गुजरो आगे बढ़ो ....

आगे का रास्ता है उज्जवल और साफ,
नशा मुक्त होकर दूसरों को प्रेरित करो, साथ में चलो
नशा मुक्त समाज में जीवन को खिलने दो,
युवा तुम आगे बढ़ो, ऊंचाइयों को छू लो अब बस तुम आगे बढ़ो....
जीवन की नई ऊंचाइयों छू ले जाओ. युवा तुम आगे बढ़ो....
नया नशा मुक्त समाज चुनो,
युवा तुम आगे बढ़ो बस अब आगे बढ़ो.....

डॉ. रेखा कश्यप
वाणिज्य विभाग

अब औरतों को डर नहीं लगता है

कलम, या तलवार से
वो डरती हैं उस मंगलसूत्र के भार से,
जो कब फांसी का फंदा बन जाए खबर नहीं
अब वो डरने लगी है पैरों में पहने जाने वाले उस
बिछिया और पायल से जो जंजीरों की तरह उसे कैद कर देगी
अब उसे डर लगता है मांग में भरे जाने वाले उस
सिंदूर से जो उससे ही उसकी पहचान छीन ले जाएगी
उसे डर लगता हैं बरसों से चले आ रहे परंपरा में जकड़े जाने से
जिसे न चाहते हुए भी अपनाना होगा
खुद को भुलाना होगा
बेबुनयादी रस्मों को भी निभाना होगा
उसे डर लगता हैं उस वक्त से जब उसके हाथों से
कलम छीन, कलछी थमा दी जाएगी
या उस घर से जो उससे बिना पूछे
उसकी बिदा कर अपना फ़र्ज़ निभाएगा
उसे डर लगता हैं इस सवाल से की जहां वो जाएगी
क्या होगा, अगर वहाँ से भी ठुकराई जाएगी,
क्या उसकी खिलखिलाहट हंसी उदासी में बदल जाएगी
जब मुस्कान की जगह उसके चेहरे पर उदासी छाएगी
वो कैसे सह पाएगी।

अपनी खुशियों को शर्तों के तराजू में तौलना होगा
सारी ख्वाइशों को भुलना होगा।
हाँ अब वो डरने लगी है सुहाग के श्रृंगार से
क्योंकि इसके बाद उसको घूंघट में रहना होगा
घूंघट में रहकर सब कुछ सहना होगा
सब कुछ सहकर भी चुप रहना होगा।
अब औरतों को डर नहीं लगता है
कलम, या तलवार से
क्योंकि जब वो कलम उठाएगी
ख़ुद सही मायने में समझ पाएगी
तभी वो अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़
अपनी पहचान बनाएगी

काजल
बी ए हिंदी ऑनर्स
द्वितीय वर्ष

अभीप्सा

कभी-कभी सोचता हूँ
समय की गति को रोककर
सरित की पावन धारा में
बह कर;
कहीं दूर किरणों की सी चमक
वाले उन निशा में चमकते
छोटे -छोटे दूधिया टुकडों को
संजोकर, बस सांसे लूँ ;
और उस मलयज के साथ
जो हर रोज बड़ी ही आत्मीयता से
पुकारा करती है, मुझे....
किन्तु हृदय भागता हुआ
दिन भर की छुट्टी लेकर
मुझे शुन्य, बिरला, असहाय
छोड़कर चला जाता है।
और मेरी बुद्धि -
मै उसी दिनकर की
शीतल छाया में
बड़ी ही आत्मीयता से
भ्रमण करता हूँ।

विशाल शर्मा
बी ए प्रोग्राम
द्वितीय वर्ष

परिवार और दोस्त

परिवार की छाँव में, मिलती है खुशियाँ,
सपनों की रंगीनियाँ, बुनती हैं खुशियाँ।
माँ की ममता, पिता का प्यार,
भाई-बहन का संग, जीवन का आधार।

दोस्तों के संग में, हंसते-खिलखिलाते,
सुख-दुख में साथी, हर पल साथ निभाते।
यादों की किताब में, भरते हैं रंग,
सच्ची दोस्ती का है, अनमोल ये संग।

साथ चलते हम, जीवन के सफर में,
हर मोड़ पर मिलते, अपनेपन के असर में।
परिवार की बातें, और दोस्तों की हंसी,
इनसे ही सजता है, जीवन का हर पल खुशी।

तो चलो मिलकर हम, प्रेम का दीप जलाएँ,
परिवार और दोस्तों संग, खुशियों के गीत गाएँ।
यह बंधन है अनमोल, इसे सहेज कर रखें,
जीवन की इस यात्रा में, एक-दूसरे को न भुलाएँ।

सचिन कुमार
बी ए ऑनर्स
द्वितीय वर्ष

यात्रा-वृतांत

कुछ वर्ष पूर्व 2012 में दिल्ली विश्वविद्यालय के तत्वाधान में एन.सी.सी. केडिट्स के साथ संपन्न हुई मेरी ज्ञानोदय यात्रा -२ के अविस्मरणीय पल मुझे हमेशा याद आते रहेंगे। इस यात्रा के दौरान मैंने अपने महाविद्यालय एवं दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध अन्य महाविद्यालय के एन.सी.सी. केडिट्स के साथ राजस्थान के बीकानेर, जैसलमेर और जोधपुर शहरों के साथ ही इन संभागों की मरुभूमि में भ्रमण किया। दिल्ली कैंट से शुरू हुई इस ज्ञानोदय-यात्रा का पहला पड़ाव बीकानेर में रहा जहाँ भारतीय सेना द्वारा किये गये भव्य स्वागत एवं मेज़बानी तथा समूची यात्रा के दौरान सेना द्वारा उपलब्ध कराई गयी पुख्ता सुरक्षा-व्यवस्था ने सभी के मन में भारतीय सेना के रणबांकुरों के प्रति सच्ची श्रद्धाभक्ति जगाई। सेना का यह सुरक्षा घेरा हमारे साथ हमेशा मौजूद रहा और इसी सुरक्षा-कवच के बीच रहकर हमने आर्मी हेडक्वार्टर एवं रेगिस्तान में आर्मी-कैम्प पर सेना के जवानों द्वारा एन.सी.सी. केडिट्स को दिए गये प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाकर अपने ज्ञान में अभिवृद्धि करते हुए ज्ञानोदय -यात्रा की सार्थकता को सिद्ध करने का समुचित प्रयास किया। इस दौरान कई नवीन जानकारियाँ सभी को प्राप्त हुई।

इस यात्रा के यादगार पलों में सबसे अविस्मरणीय पल के रूप में जैसलमेर में 'तनोट बॉर्डर' (भारत-पाक सीमा) का अद्भुत नजारा रहा जहाँ पहले तनोट माता के दरबार में मत्था टेकने के कुछ समय बाद ही भारत-पाक सीमा पर पहुँच कर भारत माता के मरुआंचल में सभी ने एक स्वर में 'जय-हिन्द' का उद्घोष करते हुए श्रद्धापूर्वक भारत माता के प्रति अपना शीश झुकाया। इसके उपरांत रेगिस्तान में 'लोंगेवाला बॉर्डर' के समीप ही सुदूर क्षितिज में संध्याकाल में 'रेगिस्तान के जहाज' (ऊंट) पर सवारी करते हुए सूर्यास्त (सन-सेट) का विहंगम दृश्यावलोकन किया, तत्पश्चात सम-रिसोर्ट्स कैम्प में रात का ठहराव हुआ जहाँ रात्रि में राजस्थानी लोक कलाकारों द्वारा गायन, वादन एवं नृत्य के जरिये दर्शकों के समक्ष राजस्थानी लोक-संस्कृति की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गयी। प्रात:काल एक बार फिर ऊंट की सवारी (कैमल -राइडिंग) का लुत्फ उठाया गया। लेकिन इसी दौरान कुछ केडिट्स की तबीयत बिगड़ गयी जिनका सेना के डॉक्टरों एवं जैसलमेर प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गये डॉक्टरों ने तत्काल उपचार किया। जैसलमेर की जनता का भी इस दौरान अपेक्षित सहयोग प्राप्त हुआ। हालाँकि केडिट्स के बीमार हो जाने की वजह से कुछ समय के लिए यात्रा में बाधा अवश्य महसूस हुई लेकिन शीघ्र ही समस्या से निपट लिया गया और सभी ने फिर सोनार दुर्ग की अट्टालिका पर पहुंचकर चैन की साँस ली।

जैसलमेर भ्रमण के बाद जब हम रात का सफ़र तय करके जोधपुर पहुंचे तो सभी इतने थके हुए थे कि यात्रा के इस अंतिम पड़ाव पर आकर हमें कई कार्यक्रम वहां निरस्त करने पड़े क्योंकि जोधपुर के होटलों में जाकर सभी पहले विश्राम करना चाहते थे और फिर हुआ यह कि एक बार आराम फरमाने लगे तो जल्दी से कोई भी तैयार नहीं हुआ। कुछ छात्र तो 'स्विमिंग पूल' में ही ऐसे मस्त हो गये लग रहा था कि शायद वे यात्रा की पूरी थकान 'स्विमिंग पूल' में ही मिटा देना चाह रहे हो। इसी तरह कुछ लोग जोधपुर के बाजारों में खरीददारी करते समय इधर -उधर भटक गये फिर काफी मशक्कत के बाद खोजकर सभी को एकत्र किया गया और तब जाकर जोधपुर के एतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया गया।

वैसे तो मैं राजस्थान का ही मूल निवासी हूँ लेकिन सच तो यह है कि राजपूताना की रियासतों की स्थापत्य कला का सौन्दर्यबोध न केवल भारतीय बल्कि विदेशी पर्यटकों के लिए भी महत्वपूर्ण आकर्षण का केंद्र रहा है। ऐसे में मरुभूमि के सौन्दर्य के आँचल में पसरे इन शहरों की ऐतिहासिक इमारतों जूनागढ़ फोर्ट, करणी देवी मंदिर, सोनार दुर्ग, मेहरानगढ़ फोर्ट एवं महाराजा उम्मेद भवन पैलेस की स्थापत्य कला ने सभी का मन मोह लिया। एक और बीकानेर के जूनागढ़ फोर्ट की सुन्दरता भुलाई नहीं जा सकती तो दूसरी और करणी देवी मंदिर में सफ़ेद चूहों की जमात पहली बार इतनी ज्यादा संख्या में देखने को मिली। इन किलों के संग्रहालय में ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संग्रहित वस्तुओं ने सभी को आकृष्ट एवं प्रभावित किया। मेहरानगढ़ फोर्ट की प्राचीर पर स्थापित विशालकाय बहुसंख्यक तोपों ने तो इतना आश्चर्यचकित कर दिया कि एकबारगी पुराने रजवाड़ों की बातें जेहन में उथल-पुथल मचाने लगी। इसी तरह 'उम्मेद पैलेस' महाराजाओं के शाही अंदाज और शानों- शौकत को दर्शाता हुआ नजर आया।

जोधपुर घूमने के बाद हम रात का सफ़र तय करके दूसरे दिन सुबह स्पेशल " ज्ञानोदय एक्सप्रेस " से दिल्ली कैंट पहुंचे और सभी ने ढोल -नगाड़ों की धुन में नाचते, गाते, थिरकते हुए एक-दूसरे से गले मिलकर एवं हाथ मिलाकर अपने - अपने घर के लिए विदा ली। यात्रा से विदा अवश्य मिल गई लेकिन मन- मस्तिष्क से वो गुजरे हुए पल शायद कभी विदा नहीं ले पाएंगे। सच कहूँ तो कई बार अनेक दिन तक अचानक ऐसा ही लगता रहा कि कहीं अभी भी " ज्ञानोदय एक्सप्रेस " में ही तो यात्रा नहीं कर रहा हूँ। वाकई किसी समूह में साथ मिलकर यात्रा करने का मजा ही कुछ और होता है ! ऐसे ही पल हमेशा के लिए यादगार बनते हैं।

डॉ. रामरूप मीना

हिंदी विभाग

प्रकृति का आँगन

एक छोटा सा शहर और उसमें एक बड़े आँगन वाला घर जिसमें रहती है, अपने माता-पिता के साथ बारह साल की 'प्रकृति'। माँ ने अपनी बेटी को यह नाम बड़े प्यार से इसलिए दिया था कि उन्हें स्वयं प्रकृति से बहुत प्यार था। माता-पिता दोनों ने ही बड़े शहर की अपनी अच्छी खासी नौकरी छोड़ कर छोटे शहर में बसने का फैसला इसीलिए लिया था क्योंकि उन्हें शहरों की भागदौड़ भरी, प्रदूषण युक्त, अर्थ और स्वार्थ केन्द्रित जिंदगी की जगह छोटे शहरों की सुकून और सादगी भरी जिंदगी ज्यादा रास आती थी।

एक बड़े से आँगन वाला यह घर प्रकृति के करीब था। इसमें नीम, आम, बरगद, शहतूत, पलाश आदि के बड़े-बड़े वृक्ष थे साथ ही अमरूद के कुछ पेड़, सुंदर फूलों की क्याँरियाँ थी। माँ ने एक छोटे से कोने में किचन गार्डन बना रखा था जिसमे मूली, गाजर, गोभी, टमाटर, मिर्च, बैगन आदि के पौधे भी लगा रखे थे। प्राकृतिक सौंदर्य का खज़ाना था यह घर प्रकृति का जन्म इसी सुंदर घर में हुआ था। इन्हीं पेड़ों के साथ वह पली-बड़ी और इन्हीं की धूप छाँह में खेलते हुए उसका बचपन बीता था। पक्षियों के कलवर से घर गूँजता रहता था। आँगन में के बीचों-बीच एक तुलसी का पौधा था जिसमें माँ पूजा के बाद उसमे जल देती और दिया जलाती थी। कभी बरगद, कभी पीपल और कभी केले के पेड़ की पूजा होती थी। बीमार होने पर तुलसी के पत्तों का काढ़ा और नीम के पत्तों के गरम पानी से नहाया जाता था। प्रकृति यह सब देखती थी तो उसके मन में बहुत सारे सवाल उमड़ते थे कि पेड़-पौधों की पूजा क्यों कि जाती है? क्यों उसके माता-पिता पेड़-पौधों की इतनी देखभाल करते हैं, उन्हें प्यार करते हैं। यही सवाल जब उसने अपने माता-पिता से किए तो उन्होंने बड़े ही प्यार और विस्तार से प्रकृति का महत्त्व उसे बताया। उन्होंने कहा कि प्रकृति ही परमात्मा है। यह सूर्य, चन्द्रमा, नदी, पर्वत, और पेड़ पौधे ईश्वर का मनुष्य को दिया गया सबसे अनमोल उपहार है। परंतु हर मनुष्य इसकी कीमत नहीं समझता। सूर्य से प्रकाश चन्द्रमा से शीतलता और नदियों से पीने के लिए जल मिलता है। यह पेड़-पौधे हमें ऑक्सीजन के साथ अनाज, फल और सब्जियाँ देते हैं। मनुष्य को इनकी कद्र करना चाहिए न कि उन्हें नष्ट करना चाहिए।

प्रकृति को अब प्रकृति का महत्व समझ में आ गया था। अब वह भी माता-पिता के साथ पेड़-पौधो की देखभाल करने लगी। उसको अब अपना भी जीवन ईश्वर का आर्शीवाद लगने लगा।

मोहम्मद फिरदौस

बी. ए. हिन्दी ऑनर्स

द्वितीय वर्ष

संतुलित जीवन

अयान का जीवन शहर की तेज रफ्तार दुनिया में मगन था। वह एक साधारण मध्यम वर्गीय परिवार से था लेकिन उसके जीवन में किसी चीज की कमी नहीं थी। उसके पास हर आधुनिक सुविधा थी जैसे स्मार्टफोन, लैपटॉप, घूमने के लिए बाइक, आसपास मॉल कैफे सभी कुछ उसके पास था; जिसमें वह पला बड़ा था। वह अपने दोस्तों के साथ अक्सर पार्टी करता, फिल्में देखता और गाड़ी में घूमता था। अयान का बचपन भी अन्य शहरी बच्चों की तरह ही बीता था। स्कूल में अच्छे अंक लाना, हर खेल में हिस्सा लेना और ट्यूशन की कक्षाओं में बैठना उसकी दिनचर्या का हिस्सा था। लेकिन इन सब के बावजूद अयान का दिल कहीं ना कहीं खाली महसूस करता था। उसे कभी भी वह सुकून नहीं मिला जो उसके दादा-दादी या चाचा चाची के गांव में रहने वाले बच्चों के पास था। उसके परिवार के लोग भी हमेशा कहते थे तुम्हारे जीवन में बहुत आराम है। शहर में सब कुछ है जीवन में मौज मस्ती है लेकिन क्या तुम कभी गांव में रहकर देख सकते हो कि यहां तुम्हारा मन लगेगा या नहीं। अयान को यह बात कभी समझ नहीं आई कि वह ऐसा क्यों कहते हैं। अयान शहर के हर कोने से वाकिफ था उसके लिए यह बहुत सामान्य था।

एक दिन जब गर्मियों की छुट्टियां पड़ी तो उसकी मां ने गांव जाने का प्रस्ताव रखा। उसने सोचा क्यों ना एक बार गांव में रहने का अनुभव किया जाए क्योंकि वह जब बहुत छोटा था तब गांव गया था और यह बात अब उसे ठीक से याद भी नहीं है। गर्मियों की छुट्टियों में अयान अपने परिवार के साथ गांव जाने के लिए तैयार हो गया। उसका मानना था कि यह सिर्फ एक छोटा सा अनुभव होगा लेकिन वह नहीं जानता था कि यह यात्रा उसकी सोच और जीवन को पूरी तरह से बदलने वाली है। गांव पहुंचते ही अयान को पहली बार यह महसूस हुआ की शहर की चका-चौंध और भाग दौड़ से परे भी एक और दुनिया है जो बहुत शांत और सुकून देने वाली है। वहां के लोग उनकी सरलता, एक दूसरे के साथ भावात्मक संबंध और हर रोज छोटी-छोटी खुशियों पर खुश हो जाना उसे अजीब लगता था। अयान के लिए सबसे बड़ी चौंकाने वाली बात यह थी कि गांव के बच्चे बिना किसी तकनीकी उपकरण के खुश थे वह बाहर घंटो खेलते थे, मिट्टी से खेलते थे, नदियों में नहाते थे और एक दूसरे के साथ बहुत समय बिताते थे जबकि अयान का अधिकतर समय मोबाइल पर गेम्स खेलने या सोशल मीडिया पर दोस्तों से चैट करने में ही बितता था। गांव में रहने पर कुछ दिनों बाद अयान ने महसूस किया की शहर में भले ही हर चीज मुट्ठी में हो, वहां का जीवन आसान हो, लेकिन वहां की हलचल और व्यस्तता ने उसे मानसिक रूप से थका दिया है। अब उसे गांव में सादगी और शांतिपूर्ण वातावरण ज्यादा आकर्षित करने लगा था

वह अब गांव के बच्चों से उनके जीवन के बारे में पूछता और उनसे बहुत कुछ सीखता। वह उनके साथ गांव के मैदान में खेतों में खेलता पेड़ों से फल तोड़कर खाता, तालाब में नहाता और रातों को तारों भरे आकाश में घंटों बातें करता। एक दिन गांव के छोटे से तालाब के किनारे बैठा अयान अपने चाचा से बातें कर रहा था चाचा ने उसे बताया देखो बेटा शहर में तुम्हारे पास सब कुछ है लेकिन गांव की वह सादगी सरलता और आपसी रिश्ते कहीं नहीं मिलते यहां लोग जितना बाहरी सुख चैन से दूर है उतना ही भीतर से संतुष्ट है। यह सुनकर अयान चुप हो गया उसे महसूस हुआ कि वह सच्चे सुख को अब तक समझ नहीं पाया था। वह सिर्फ बाहरी चीजों के पीछे दौड़ रहा था जबकि असली खुशी तो सादगी, रिश्तो और दिल से खुश रहने में थी। गांव में बिताए गए कुछ हफ्तों के बाद अयान के मन में शहर और गांव के बीच एक संतुलन बनाने का खयाल आया। अब उसे शहर की तेज गति में संतुलन और शांतिपूर्ण जीवन की आवश्यकता महसूस होने लगी थी। जब वह वापिस शहर लौटा तो उसने महसूस किया कि वह अपनी पुरानी आदतों से थोड़ा हटकर सोचने लगा था । अब वह अपना समय अपने परिवार के साथ अधिक बीतता और दोस्तों के साथ गहरे रिश्ते बनाने की कोशिश करता था।

अयान ने समझा की शहरी जीवन की आधुनिकता और तकनीक महत्वपूर्ण है लेकिन इन दोनों के बीच आंतरिक संतुलन को बनाए रखना भी जरूरी है। उसने अपने जीवन में धीरे-धीरे बदलाव लाना शुरू किया जैसे की अधिक समय बाहर खेलने के लिए बिताना, प्रकृति के साथ घंटों बातें करना, किताबें पढ़ना, सोशल मीडिया से थोड़ा दूर रहना और मोबाइल में गेम कम से कम खेलना। उसने जाना की बाहरी सुखचैन के साथ-साथ आंतरिक शांति भी जरूरी है शहरी लड़के की यह यात्रा उसे न केवल अपने जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करती है बल्कि हमें यह भी बताती है कि कभी-कभी हमें पुराने अनुभवों और सरलता को अपनाने से जीवन में संतुलन और शांति मिल सकती है। जीवन बहुत खूबसूरत है उसके साथ तालमेल बैठाने के लिए हमें आधुनिकता और अपने ग्रामीण जीवन की सरलता को भी अपनाना होगा तभी जीवन सुखद और शांतिपूर्ण होगा और हम सही मायनो में प्रगति कर सकेंगे।

अंश प्रताप सिंह

बी. ए. हिंदी ऑनर्स

जीवन के एक रिश्ते की बुनियाद

जीवन के एक रिश्ते की बुनियाद देखते हैं चलो आज उस दोस्ती की बात करते हैं, बीते लम्हों के कुछ पन्ने पलटते हैं। देखें जरा किस-किस के नाम झलकते हैं। कुछ स्कूल के, कुछ कोचिंग के तो कुछ कॉलेज के चेहरे भी आएंगे, चलो उन सबको लेकर यादों के साथ चलते हैं, क्योंकि खूबसूरत दोस्त ही तो इन यादों को बनाते हैं। यह वही अनजान चेहरे हैं जिन्हें हम अपना बताते हैं। कोई माने या ना माने दोस्ती भी मोहब्बत की तरह कहके नहीं होती। लोग यूं ही थोड़ी ही यारों को अपना संसार बताते हैं, लेकिन आजकल तो दोस्ती का मतलब ही बदल गया है, किसी के साथ सोशल मीडिया पर बात तो किसी के साथ फोटो खिंचवाने, और रील बनाने तक ही सिमट गया है।

दोस्ती के नाम पर गलत पहचान बताई जाती है। इन चेहरों के सामने ही सच्चाई छुपाई जाती है। दोस्ती के नाम पर अक्सर धोखा देते हैं लोग। सच्चे दोस्त होने की एक उम्मीद जगाये रहते हैं कुछ लोग। लेकिन ऐसा नहीं है की सभी ऐसे होते हैं कुछ दोस्त प्यारे और अच्छे होते हैं और वो ही दोस्त जीवन भर हमारे साथ रहते हैं और एक पवित्र रिश्ते की बुनियाद रखते हैं। कुछ ही दोस्त है जो दिल के सच्चे होते हैं।

शाजिया
बी हिंदी ऑनर्स
द्वितीय वर्ष

एक एहसास

तू रोज़ मेरी आंखों से होकर जाती थी,
वही आँखें... जो एक बार दूसरी क्लास में तुझसे मिली थीं।

तेरा हँसना आज भी वैसा ही है—
जैसे स्कूल की छुट्टी के बाद खिली धूप...
पर मैं अब भी वही बादल हूं,
जो खुद भीगकर तुझे मुस्कुराने का मौसम देता रहा।

मैं हर रोज़ तुझमें खो जाता था,
और तू हर रोज़ मुझसे अनजान निकल जाती थी।

बहुत बार चाहा तुझसे कुछ कह दूँ,
मगर लफ़्ज़ गले में ही दम तोड़ देते थे।

तेरी पीली चूड़ियाँ, तेरी धीमी मुस्कान,
वो आज भी मेरे वजूद में गूंजती हैं।

लोग पूछते हैं किसके लिए लिखता हूं मैं,
मैं मुस्कुरा देता हूं...
क्योंकि वो नाम तो अब मेरी सांसों में है—
जिसे ज़माना जान भी न पाए।
मैं दूर हो कर भी... तेरे साथ ही था।

मोहित शुक्ला
हिंदी ऑनर्स

आधुनिक जीवन शैली

आधुनिक जीवन शैली ने मानव जीवन के विभिन्न पक्षों को प्रभावित किया है इससे भले ही तकनीकी उन्नति शिक्षा एवं रोजगार के नए अवसर मिले हैं परंतु इसके साथ ही साथ मानव जीवन में विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। आधुनिक जीवन शैली की विशेषताएं है तकनीकी उन्नति, शिक्षा और रोजगार के नए अवसर, शहरीकरण, वैश्वीकरण। आधुनिक जीवन शैली में विभिन्न प्रकार के संचार माध्यमों जैसे टेलीविजन, रेडियो तथा इंटरनेट के माध्यम से हम सेकेंडों में किसी स्थान पर बैठकर सूचनाओं को प्राप्त कर सकते हैं। शहरीकरण तथा आधुनिक जीवन शैली ने शहरीकरण को अधिक तेज गति प्रदान की है इसके साथ ही इसने शहर में प्रदूषण जैसी अनेक समस्याओं और कारकों को भी जन्म दिया है। वैश्वीकरण आधुनिक जीवन शैली ने संपूर्ण विश्व को एक गांव बना दिया है इससे संपूर्ण विश्व एक जाल में सिमट गया है तथा इसने संपूर्ण विश्व को एक नया व आधुनिक मंच प्रदान किया है। शिक्षा और रोजगार के नए अवसर आधुनिक जीवन शैली के विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुए हैं तथा इसके विभिन्न माध्यमों से ऑनलाइन शिक्षा के नए अवसर भी प्राप्त हुए हैं।

आधुनिक जीवन शैली की चुनौतियां - स्वस्थ मानव मस्तिष्क का अभाव वर्तमान में आधुनिक जीवन शैली के अंतर्गत सोशल मीडिया का उपयोग करने से मानव को एक स्वस्थ जीवन शैली पाना एक चुनौती के समान हो गया है। शारीरिक निष्क्रियता, अधिक समय तक स्क्रीन के सामने बैठने से मोटापा, डायबिटीज, हृदय रोग जैसे रोगों से जूझना पड़ता है।

